उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार 29 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925
### ( दिनांक : 19 जून, 2003 )

### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न्

1. अल्प सूचित प्रश्न ( देखिये नत्थी "**क**")।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी "**ख**")।

3. मुख्यमंत्री, औद्योगिक नीति, 2003 को सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्रीमती आशा नौटियाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद रूद्रप्रयाग के विकास खण्ड अगस्त्यमुनी के अन्तर्गत शहीद भगवान सिंह मोटर मार्ग के बासवाडा, कण्डारा, कणसिल, भणज, चन्द्रनगर, मोहनखाल मोटर मार्ग के डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बचन सिंह रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद रूद्रप्रयाग द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तन के सम्बन्ध में" श्री महादेव प्रसाद भट्ट एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी के अन्तर्गत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवीखेत के इण्टर स्तर पर उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री नन्दन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...2/...

8. श्रीमती प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के रौन्तल में हाईस्कूल खुलवाने के सम्बन्ध में" श्री बचन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के घरासू-दिकोली-सर्जशाफ्ट रौन्तल मोटर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री बचन सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

11. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

12. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

13. उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 1958 के नियम-315 के खण्ड (23) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-"**ग**")

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. वित्तीय वर्ष 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।

16. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

17. प्रसिद्ध धार्मिक स्थान जोशीमठ में गम्भीर पेयजल समस्या से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री अजय भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जून, 2003 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत, पेयजल मंत्री का वक्तव्य।

18. नगर पालिका परिषद् पिथौरागढ़ के अन्तर्गत नजूल भूमि के फ्रीहोल्ड के आवेदन कर्ताओं द्वारा समस्त धनराशि जमा करने के पश्चात् भी भूमि फ्रीहोल्ड न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 जून, 2003 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

....3/....

19. अल्मोड़ा शहर में टैक्सी स्टैण्ड का निर्माण न किये जाने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में श्री कैलाश शर्मा, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 जून, 2003 को नियम-51 के अन्तर्गत दी गई सूचना पर, नगर विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 19 जून, 2003**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

द्वितीय सत्र, 2003

का द्वितीय गुरूवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 29 ज्येष्ठ, शक संवत्, 1925

(दिनांक : 19 जून, 2003)

# नत्थी ( क )

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>2.6.2003 | **1. क्या स्वास्थ्य मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में वर्ष 2002–2003 में वायरल फीवर से कुल कितने लोगों की मृत्यु हुई तथा सबसे अधिक मृत्यु प्रदेश के किस जनपद में हुई? सरकार द्वारा वायरल फीवर की रोकथाम के लिए क्या प्रयास किये जा रहे हैं? | स्वास्थ्य |
| श्री प्रकाश पंत<br>4.6.2003<br>श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>11.6.2003 | **2. क्या वन मंत्री बतायेंगे कि 15 फरवरी, 2003 से 30 मई, 2003 तक उत्तरांचल के वन क्षेत्र में फैली आग से कितनी वन सम्पदा तथा वन्य जीव व जन हानि हुई है? सरकार द्वारा इस आग को रोकने के क्या उपाय किये तथा इसमें कितना व्यय किया गया? | वन |

# नत्थी ( ख )

## तारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>21.5.2003 | *1. | क्या ग्रामोद्योग मंत्री को जानकारी है कि उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्रों में रेशम उत्पादन की अपार सम्भावनायें हैं? यदि हाँ, तो क्या पर्वतीय क्षेत्र में रेशम उद्योग में ग्रामीणों की भागीदारी के लिए सरकार ने कोई नीति बनाई है? यदि हाँ, तो इसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>24.5.2003 | *2. | **चतुर्थ गुरूवार तक के लिए स्थगित** | |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.5.2003 | *3.. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उ0प्र0 का विकल्प भर रखा है उनको कार्यमुक्त करने के लिए सरकार क्या नीति बना रहीं है? उसमें विलम्ब का क्या कारण है? | शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>26.5.2003 | *4. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विशिष्ट बी.टी.सी. हेतु चयन प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है? यदि हाँ, तो कब तक चयन प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>27.5.2003 | *5. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल राज्य के अधीन रा0इ0 कॉलेजों/हाईस्कूलों में अध्यापकों के कुल कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री नारायण पाल<br>31.5.2003 | *6. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि नवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अन्तर विद्यालय की शिक्षकों द्वारा किया जाता है? यदि हाँ, तो क्या बोर्ड की परीक्षा मूल्यांकन मानकों के अन्तर्गत है? यदि नहीं, तो परीक्षा का औचित्य क्या है? | शिक्षा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>2.6.2003 | *7. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सेब के बगीचों में सेब के पेड़ भारी संख्या में सूखकर नष्ट हो रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार सूखे की बीमारी की रोकथाम के लिए कोई प्रभावी कदम उठाने जा रही है? | उद्यान |

## अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>24.5.2003 | 1. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में सन् 2001–2002 में किसानों को कितने फलदार वृक्षों की पौध एवं कितनी खाद निःशुल्क वितरित की गई? | उद्यान |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>24.5.2003 | 2. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के रा0इ0का0 खेड़ाखाल बछणस्यूँ में हिन्दी (प्रवक्ता) का पद सृजित न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार छात्रहित में अविलम्ब उक्त कॉलेज में हिन्दी प्रवक्ता का पद सृजित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.5.2003 | 3. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के जूनियर हाईस्कूल ओड़खोला का भूमि समतलीकरण कार्य श्री सरतलाल निवासी ओड़खोला द्वारा करवाया गया है? क्या उक्त कार्य का भुगतान सरतलाल को किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>27.5.2003 | 4. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रा0उ0मा0 विद्यालय लमगढ़ा (अल्मोड़ा) के क्षतिग्रस्त भवन के पुनर्निर्माण का कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री कैलाश शर्मा<br>27.5.2003 | 5. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में शिक्षा विभाग में कार्यरत उच्च शिक्षित शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर अध्यापकों के पदों पर पदोन्नति करने के संबंध में कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>27.5.2003 | 6. | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में मण्डल घाटी विकास हेतु शासन स्तर पर प्रस्तुत मण्डल घाटी समन्वित विकास योजना को लागू किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | उद्यान |
| डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी<br>27.05.2003 | 7. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर किये जाने हेतु बी.टी.सी. प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किये जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ तो कब से? यदि नहीं तो क्यों? | शिक्षा |

डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी
28.05.2003

8. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के अन्तर्गत जू0 हा0 स्कूल सरतोली विकास खण्ड चमोली को हाई स्कूल स्तर पर उच्चीकृत किये जाने की जनता द्वारा निरन्तर मांग की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त विद्यालय का उच्चीकरण कब तक हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री प्रीतम सिंह पंवार
29.05.2003

9. क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड थौलधार में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटखेत का उच्चीकरण किए जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उच्चीकरण कर लिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों?

शिक्षा

डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल
29.05.2003

10. क्या शिक्षा मंत्री अवगत है कि जसपुर विधान सभा क्षेत्र में एक मात्र बालिका इण्टर कालेज जिसमें कि छात्राओं की संख्या 1750 है, में कक्षा 11 व 12 में गणित विषय नही है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इस वर्ष उक्त विद्यालय में गणित विषय की शिक्षा प्रारम्भ करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

डा0 अनसूया प्रसाद मैखुरी
29.05.2003

11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान सरकार के कार्य काल में कितने विद्यालयों का उच्चीकरण किया गया है तथा उनका जनपदवार विवरण क्या है? क्या मानक पूरा करने वाले विद्यालयों का उच्चीकरण का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

चौ0 यशवीर सिंह
29.05.2003

12. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार जनपद को आम ज़ोन के रूप में घोषित किये जाने की सरकार कोई योजना बना रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्यान

श्री कैलाश शर्मा
29.5.2003

13. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में रिक्त अध्यापकों के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो क्या इन माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत पी.टी.ए. शिक्षकों को भी नियमित किया जायेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

शिक्षा

श्री अजय भट्ट
30.05.2003

14. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा विदेश से एक इस्पैक्टोमीटर (लीव एनालाइज़र) कब एवं किस तिथि को खरीदा गया था? क्या मंत्री को यह भी जानकारी है कि उक्त यंत्र का आज तक उपयोग नहीं किया जा रहा है? यदि हाँ, तो उपयोग न करने के क्या कारण हैं? क्या मंत्री जी अनुपयोगी यंत्र खरीदने के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्यान

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>30.05.2003 | 15. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रा0उ0मा0 विद्यालयों के उच्चीकरण के क्या मानक हैं? क्या सरकार जनपद पिथौरागढ़ में रा0उ0मा0वि0 पुराना थल का उच्चीकरण करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री कौंलदास<br>31.05.2003 | 16. | क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में जिला सहायक निबन्धक पद पर की गयी पदोन्नतियों में आरक्षित वर्ग के कितने व्यक्तियों की पदोन्नतियाँ की गयी हैं? यदि आरक्षित कोटा नहीं भरा गया है तो क्यों? कब तक आरक्षित कोटा भर दिया जायेगा? | सहकारिता |
| श्री कौंलदास<br>31.05.2003 | 17. | क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि उत्तरांचल में सहकारी बैंकों के सचिव/महाप्रबन्धक के पदों पर वरिष्ठ प्रबन्धकों की पदोन्नतियों में आरक्षण कोटा नहीं भरा जा रहा है जबकि वरिष्ठ प्रबन्धक के पद पर इस वर्ग के अधिकारी कार्यरत हैं? क्या मंत्री जी यह ीी बतायेंगे कि वरिष्ठ प्रबन्धकों के होते हुए भी जिला सहकारी बैंकों के कनिष्ठ वरिष्ठ प्रबन्धकों को कार्यवाहक सचिव/महाप्रबन्धक किन कारणों से बनाया जा रहा है? | सहकारिता |
| श्री कौंलदास<br>30.05.2003 | 18. | क्या सहकारिता मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश सहकारी बैंक के कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रबन्धक को गढ़वाल मण्डल में उत्तरांचल सहकारी बैंक में केन्द्रीय सेवा का अपर सचिव बनाया गया है? क्या यह सही है कि उत्तरांचल सहकारी बैंक के अधिकारियों द्वारा इस पद पर नियुक्ति की माँग की गयी है? यदि हाँ, तो क्या सरकार अपर सचिव पद पर की गयी तैनाती निरस्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | सहकारिता |
| श्री नारायण पाल<br>3.6.2003 | 19. | क्या शिक्षा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उधमसिंह नगर में प्राथमिक शिक्षकों के कितने पद माह मार्च, 2000 तक रिक्त थे? क्या प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे? यदि हाँ, तो शिक्षकों को नियुक्ति न दिये जाने के क्या कारण हैं? | शिक्षा |
| श्री हरबंस कपूर<br>5.6.2003 | 20. | क्या शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सरकार शीघ्र नियमित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>5.6.2003 | 21. | क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 1996 में जनपद टिहरी गढ़वाल व उत्तरकाशी में नस्ल सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत टिहरी गढ़वाल दुग्ध संघ व उत्तरकाशी दुग्ध संघ को भ्रूण प्रत्यारोपण योजना हेतु कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी? क्या इसका उपयोग स्वीकृत योजना हेतु किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | दुग्ध विकास |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>5.6.2003 | 22. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के रा0 आदर्श विद्यालय दोषी में कुल कितने अध्यापक कार्यरत हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल में उच्चीकृत करने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>5.6.2003 | 23. | क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के घनसाली विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत जू0हा0स्कूल-रगड़ी, जसपुर, कठैतीं, केपार्स, निवालगाँव, बगर एवं वणचुरी का उच्चीकरण हाईस्कूल स्तर पर किया जा रहा है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शिक्षा |

# नत्थी "ग"

कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 18 जून, 2003 की बैठक में दिनांक 19 जून, 2003 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :-

जून, 2003

| | |
|---|---|
| 19 गुरूवार | (1) वित्तीय वर्ष 2003-2004 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा। |